आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

<u>भारत रतन</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उप प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। वयोवृद्ध नेता आडवाणी को उनके आवास पर यह सम्मान प्रदान किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर व्यक्तित्व लाल कृष्ण आडवाणी ने दृढ़ समर्पण और असाधारण कौशल के साथ सात दशकों से भी अधिक समय तक देश की सेवा की। राष्ट्रपति ने कहा कि आडवाणी आजादी के बाद के उन नेताओं में से हैं जिन्होंने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को सामने रखकर देश को विकास पथ पर अग्रसर किया।

<u>कांग्रेस</u>

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल और उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार में ही कर्मचारियों के हित सुरक्षित है। शिमला से जारी एक बयान में दोनों नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही अपनी चुनावी गांरटी को पूरा करते हुए एक लाख 36 हजार कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन स्कीम को बहाल किया। उन्होंने कहा कि पुरानी पैंशन प्रदान करने पर केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल पर कई प्रकार की पाबंदिया लगाई गई और केन्द्र से मिलने वाली वित्तीय सहायता को भी कम किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार से मिले कर्ज़ के चलते राज्य की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है बावजूद इसके वर्तमान राज्य सरकार आर्थिक बदहाली को ठीक करने के साथ–साथ कर्मचारियों को उनके वित्तीय लाभ भी प्रदान कर रही है।

<u>रणधीर शर्मा</u>

प्रदेश भाजपा ने निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार न करने को असंवैधानिक करार दिया है। भाजपा मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि विधायकों ने स्वेच्छा से व्यक्तिगत रूप से पेश होकर विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा दिया है और ऐसे में इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। 6 बागी विधायकों पर मुख्यमंत्री के जुबानी हमले को उन्होंने मुख्यमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 15 महीने के कार्यकाल में अपने विधायकों को संतुष्ट नहीं कर पाएं जिसके चलते इन विधायकों ने भाजपा को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र और हर वर्ग के लिए कार्य किया है जिसके चलते देशभर में लोग और नेता भाजपा मेें शामिल हो रहे है।

ईस्टर

ईस्टर का पर्व आज हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मान्यता है कि क्रूस पर चढ़ाए जाने के बाद प्रभु यीशु आज के ही दिन पुनर्जीवित हो गए थे। कल रात देश के विभिन्न गिरजाघरों में मध्य रात्रि ईस्टर प्रार्थना आयोजित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईस्टर पर भारत और विदेश में रहने वाले नागरिकों, विशेषकर ईसाई समुदाय को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रेम और करुणा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईस्टर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मानव जाति के बीच एकता और शांति की कामना की।

धर्मशाला–निर्वाचन

लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत चुनाव डयूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों, होमगार्ड्स व पुलिस के जवानों, सैनिकों और चुनावी ड्यूटी में रहने वाले हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों को मतदान के लिए पोस्टल बैलेट, ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा का प्रावधान किया गया है ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे। इसके लिए संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में सुविधा केंद्र भी बनाए जाएंगे। कांगड़ा के जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड से संबंधित आवश्यक जानकारियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होने कहा कि टोल फ्री नंबर 1950 पर भी मतदाता जानकारियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्तरों पर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। दिव्यांगों को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए चुनाव विभाग के निर्देशानुसार आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में बारिश और बर्फवारी का सिलसिला आज भी जारी रहा। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के निचले ईलाकों में आज रूक–रूक कर वर्षा होती रही। लाहौल स्पिति जिला के केलंग में 6 ईंच जबकि कोकसर, सिस्सू और अटल टनल के नार्थ पोर्टल पर करीब 10 ईंच तक ताज़ा बर्फवारी हुई है। जिससे मनाली, केलंग सहित घाटी के अदंरूनी मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। जिले के उंचाई वाले क्षेत्रों में ढेड़ से दो फुट तक हिमपात होने से घाटी में हिमखंड खिसकने का खतरा बना हुआ हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।